आवेदन प्रक्रिया

1) परिवहन/हथलन संवेदक के रूप में निबंधन के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन मात्र Online (ऑनलाईन)/वेबसाईट www.bswc.co.in पर स्वीकार किया जायेगा। किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2) आवेदक के द्वारा www.bswc.co.in के htc.bswc.co.in के link पर जाकर click कर आवेदन एवं वांछित कागजातों आदि को अनिवार्य रूप से समर्पित करना होगा। आवेदन के साथ वांछित कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र एवं विहित शुल्क की विवरणी के साथ समर्पित करना होगा। आवेदन शुल्क एवं निबंधन शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। वांछित कागजात/शपथ पत्र/प्रमाण पत्र एवं शुल्कादि ऑनलाईन (NEFT/RTGS) समर्पित नहीं करने पर, निबंधन हेतु विचार नहीं किया जायेगा। निबंधन का आवेदन पात्रता की शर्तों के अनुरूप स्वीकार योग्य पाये जाने पर, समर्पित किया गया वांछित कागजात/शपथ पत्र/प्रमाण पत्र आदि की मूल प्रति के भौतिक सत्यापन / मिलान के उपरांत सही पाये जाने पर ही निबंधन किया जायेगा।
3) Online आवेदन मात्र उक्त वेबसाईट के माध्यम से स्वीकार होंगे। आवेदन के पश्चात आवेदक को user ID एवं Password प्राप्त होगा। User ID आवेदक का email ID होगा Online आवेदन के उपरांत आवेदक भविष्य में किसी भी प्रकार के पत्राचार/क्रिया हेतु वेबसाईट द्वारा प्रदत्त आवेदन आई.डी. संख्या का उल्लेख करते हुए कार्य करेंगे।
4) Online आवेदन पत्र को समर्पित करने के पहले आवेदक आश्वस्त हो लेंगे की उनके द्वारा सभी अपेक्षित सूचनाओं को दर्ज कर दिया गया है एवं वांछित कागजात/प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है। एक नाम से एक ही आवेदन स्वीकार्य होगा। Application Form समर्पित करने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में उसको संशोधित करने का अधिकार आवेदक को नहीं होगा।
5) आवेदनकर्ता पूरे स्कैन दस्तावेज पर क्रम संख्या डालकर उसे क्रमानुसार अपलोड करेगा, ताकि उस दस्तावेज को आसानी से ढूंढ़ा जा सके। सभी दस्तावेज पर पृष्ठ संख्या अंकित करना आवश्यक है। सभी दस्तावेजों को पी.डी.एफ. Form में सुस्पष्ट एवं पढ़ने योग्य स्थिति में अपलोड किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदनकर्ता के किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
6) वांछित कागजात / प्रमाण पत्र / शपथ पत्र एवं शुल्कादि सहित ऑनलाईन भरे गये आवेदन की सूचना आवेदक बिहार राज्य भंडार निगम को ई.मेल अथवा निर्बंधित डाकपत्र द्वारा अलग से अवश्य देंगे ताकि उक्त प्रकार भरे आवेदन को डाउनलोड कर अग्रतर कार्रवाई की जा सके।
7) विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.bswc.co.in पर अवलोकनीय है।